**<u>मूल हिंदी</u>**

**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं0 420**
**03 फरवरी, 2022 को उत्तर के लिए**

**उत्तर प्रदेश में स्मार्ट सिटी परियोजना**

**420. श्री हाजी फजलुर रहमान:**

क्या **आवासन और शहरी कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा देश विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में शुरू की गई स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;
(ख) पिछले चार वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश में स्मार्ट शहरों के विकास के लिए कितनी राशि जारी की गई है;
(ग) पिछले चार वर्षों के दौरान सहारनपुर स्मार्ट सिटी के लिए कितनी राशि जारी की गई है; और

(घ) उक्त निधि में से विभिन्न वार्डों और योजनाओं पर वार्ड वार/योजना-वार कितनी धनराशि खर्च की गई है?

**<u>उत्तर</u>**
**<u>आवासन और शहरी कार्य मंत्री</u>**
**(श्री हरदीप सिंह पुरी)**

(क) से (घ) : भारत सरकार ने 25 जून 2015 को स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) का शुभारंभ किया। जनवरी 2016 से जून 2018 तक प्रतियोगिता के 4 चरणों के माध्यम से 100 स्मार्ट शहरों का चयन किया गया है। एससीएम विवरण और दिशानिर्देशों के अनुसार, केंद्र सरकार पांच वर्षों में मिशन को 48,000 करोड़ रूपये की वित्तीय सहायता अर्थात प्रति शहर प्रति वर्ष औसतन 100 करोड़ रूपये प्रदान करेगी। राज्य सरकार/शहरी स्थानीय निकाय द्वारा समानता आधार पर बराबर राशि का अंशदान किया जाएगा। 21 जनवरी 2022 तक, स्मार्ट सिटीज ने 1,88,507 करोड़ रुपये की 6,721 परियोजनाओं की निविदा दी है; जिसमें से 1,62,908 करोड़ रुपये की 6,124 परियोजनाओं के कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं ; इनमें से 58,735 करोड़ रुपये की 3,421 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। उत्तर प्रदेश राज्य के 10 शहरों अर्थात आगरा, अलीगढ़, बरेली, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर और वाराणसी को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए चुना गया है। स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति और उत्तर प्रदेश में सहारनपुर सहित स्मार्ट शहरों के लिए केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई निधि अनुलग्नक-I में दी गई है ।

****

**श्री हाजी फजलुर रहमान, माननीय सांसद द्वारा उत्तर प्रदेश में स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 03.02.2022 को लोकसभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या †420 के उत्तर के भाग (क ) से (घ ) में उल्लिखित अनुलग्नक-I**

## उत्तर प्रदेश में स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की स्थिति

(₹ करोड़ में)

| स्मार्ट सिटी | डीपीआर चरण | | निविदा चरण | | कार्य आदेश चरण | | काम पूरा हो गया है | | कुल परियोजनाएं | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | परियोजनाओं की संख्या | राशि | परियोजनाओं की संख्या | राशि | परियोजनाओं की संख्या | राशि | परियोजनाओं की संख्या | राशि | | |
| आगरा | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 13 | 803.17 | 46 | 1,565.73 | 59 | 2,368.90 |
| अलीगढ़ | 0 | 0.00 | 5 | 181.82 | 18 | 559.96 | 27 | 997.85 | 50 | 1,739.63 |
| बरेली | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 44 | 757.19 | 41 | 523.42 | 85 | 1,280.61 |
| झांसी | 4 | 7.87 | 5 | 58.63 | 43 | 1,080.52 | 23 | 622.79 | 75 | 1,769.81 |
| कानपुर | 0 | 0.00 | 7 | 255.77 | 26 | 2,080.86 | 22 | 1,213.19 | 55 | 3,549.82 |
| लखनऊ | 0 | 0.00 | 2 | 97.50 | 23 | 787.09 | 48 | 1,147.24 | 73 | 2,031.83 |
| मुरादाबाद | 6 | 189.23 | 5 | 114.69 | 22 | 594.93 | 9 | 606.86 | 42 | 1,505.71 |
| प्रयागराज | 5 | 21.30 | 4 | 367.01 | 59 | 329.54 | 47 | 1,463.03 | 115 | 2,180.88 |
| सहारनपुर | 19 | 190.65 | 6 | 394.85 | 12 | 458.81 | 6 | 46.20 | 43 | 1,090.51 |
| वाराणसी | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 14 | 427.32 | 91 | 2934.72 | 105 | 3,362.04 |
| कुल | **34** | **409.05** | **34** | **1,470.27** | **274** | **7,879.39** | **360** | **11,121.03** | **702** | **20,879.74** |

(21 जनवरी 2022 तक) एससीएम भू-स्थानिक प्रबंधन सूचना प्रणाली (जीएमआईएस)

## केंद्र सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में स्मार्ट शहरों के लिए एससीएम के तहत जारी निधियों की स्थिति और उनका उपयोग

(₹ करोड़ में)

| स्मार्ट सिटी | 2015-16 के दौरान | 2016-17 के दौरान | 2017-18 के दौरान | 2018-19 के दौरान | 2019-20 के दौरान | 2020-21 के दौरान | 2021-22 के दौरान | कुल जारी केंद्रीय राशि | भारत सरकार की निधियों का उपयोग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आगरा | 2.00 | 0.00 | 109.00 | 85.00 | 0.00 | 98.00 | 98.00 | **392.00** | **392.00** |
| अलीगढ़ | 2.00 | 0.00 | 19.00 | 89.00 | 86.00 | 0.00 | 98.00 | **294.00** | **196.00** |
| बरेली | 2.00 | 0.00 | 0.00 | 58.00 | 0.00 | 0.00 | 136.00 | **196.00** | **171.28** |
| झांसी | 2.00 | 0.00 | 36.00 | 22.00 | 0.00 | 0.00 | 136.00 | **196.00** | **141.10** |
| कानपुर | 2.00 | 0.00 | 109.00 | 85.00 | 0.00 | 49.00 | 49.00 | **294.00** | **291.84** |
| लखनऊ | 2.00 | 66.20 | 127.80 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 98.00 | **294.00** | **259.71** |
| मुरादाबाद | 2.00 | 0.00 | 0.00 | 58.00 | 0.00 | 0.00 | 136.00 | **196.00** | **91.01** |
| प्रयागराज | 2.00 | 0.00 | 17.00 | 175.00 | 0.00 | 51.00 | 49.00 | **294.00** | **290.84** |
| सहारनपुर | 2.00 | 0.00 | 17.00 | 41.00 | 0.00 | 0.00 | 136.00 | **196.00** | **59.51** |
| वाराणसी | 2.00 | 0.00 | 109.00 | 85.00 | 0.00 | 98.00 | 98.00 | **392.00** | **365.25** |

(21 जनवरी 2022 तक) एससीएम भू-स्थानिक प्रबंधन सूचना प्रणाली (जीएमआईएस)